केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2018/87 दिनांक: 28.03.2018
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2018/00078
CICOM/R/2018/00136

अपीलकर्ता : श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता,
जी-8/56, प्रथम तल,
सेक्टर – 16, रोहिणी,
दिल्ली – 110089.

निर्णय की तारीख: 28.03.2018

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 30.01.2018 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 08.03.2018 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री आर. पी. ग्रोवर |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 06.03.2018 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 98/15.03.2018 (114937/09.03.2018) |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 30.01.2018 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से द्वितीय अपील सं. CIC/SB/A/2015/000432 से संबंधित आयोग को भेजे गए कुछ पत्रों के संबंध में सूचनाएं मांगी गई थी । अपीलकर्ता ने प्रथम अपील आवेदन में उल्लेख किया है कि उन्हें अभी तक वांछित सूचना नहीं दी गई है एवं अनुरोध किया है कि वांछित सूचना प्रदान करवाई जाए ।

2. संबंधित संचिका एवं प्रथम अपील का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के दिनांक 30.01.2018 से संबंधित सूचना श्री आर. पी. ग्रोवर, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त-वाई.ए. कार्यालय द्वारा पत्र सं. CICOM/R/2018/00136 के माध्यम से दिनांक 08.03.2018 को प्रेषित की गई है, जबकि अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 06.03.2018 को ही प्रथम अपील दाखिल की गई है । श्री आर. पी. ग्रोवर, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रेषित की गई सूचना तथ्यानुसार है एवं इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है । अपीलकर्ता के सुलभ संदर्भ हेतु श्री आर. पी. ग्रोवर, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रेषित की गई सूचना की प्रति इस आदेश के साथ पुन: संलग्न है ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 में की जा सकती है ।

संलग्नक – यथोपरि ।

RECEIVED

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष – 011-26162290

प्रतिलिपि :

1. श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

28/03/18